राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२६७८८७०
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईमेल : dsw@rgpv.ac.in
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYAL
(State Technological University of Madhya Prad
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 46
Phone : 0755 - 2678
Fax : 0755 - 2742
Email :dsw@rgpv.a
Website : www.rgpv.a

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2025 / 499 भोपाल, दिनांक 12 / 09 / 2025

# सूचना

प्रति,

समस्त प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से संबंद्ध इंजीनियरिंग / फार्मेसी
एम.सी.ए. / आर्किटेक्चर / पत्रोपाधि महाविद्यालय

विषय :– दिनांक 17 सितंबर 2025 से दिनांक 02 अक्टूबर 2025 तक होने वाले " सेवा पखवाड़ा अभियान " का आयोजन बावत्।

संदर्भ :– 01 – तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, भोपाल का पत्र क्रमांक 1889 / 2025 / 42 (2) भोपाल दिनांक 11 / 09 / 2025
02 – सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक GAD / 34 / 0002 / 2023 / 1 / 9 दिनांक 11 / 09 / 2025

महोदय / महोदया ,

उपरौक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें। पत्र में दिये गये निर्देशानुसार विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान की समय–सारणी जारी की गई है, जिसकी प्रति पत्र के साथ संलग्न है। कृपया संलग्न पत्रों में प्राप्त निर्देशानुसार समस्त महाविद्यालय कार्यवाही सुनिश्चित करे।

(डॉ के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2025 / 500 भोपाल, दिनांक 12 / 09 / 2025
प्रतिलिपि :–
01 माननीय कुलपति जी के निज सचिव / माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।
02 कुलसचिव जी के स्टाफ ऑफिसर ओर सूचनार्थ।
03 समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के संचालक / प्राचार्य की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

मध्यप्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक 1889 / / 2025 / 42(2), भोपाल, दिनांक 11 / 09 / 2025

प्रति,

(1) आयुक्त,
तकनीकी शिक्षा संचालनालय,
सतपुड़ा भवन, भोपाल

(2) संचालक,
कौशल विकास संचालनालय,
गैस राहत आईटीआई परिसर,
गोविन्दपुरा, भोपाल

(3) कुल सचिव,
राजीव गॉंधी प्रौद्योगिकी
विश्वविद्यालय, गॉंधी नगर,
भोपाल

(4) मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल पार्क,
नरेला शंकरी, भोपाल

विषय :– दिनांक 17 सितम्बर 2025 से दिनांक 02 अक्टूबर 2025 तक होने वाले 'सेवा पखवाड़ा अभियान' का आयोजन।

संदर्भ :– सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय का पत्र क. GAD / 34 / 0002 / 2023 / 1 / 9, दिनांक 11 / 09 / 2025 ।

---

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें। पत्र में दिये गये निर्देशानुसार विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान की समय–सारणी जारी की गई है, जिसकी प्रति संलग्न प्रेषित है।

कृपया तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(डॉ.एस.के.गॉंधी)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग

मध्यप्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग
मंत्रालय, भोपाल

सेवा पखवाड़ा अभियान (समय-सारणी)

"विकसित भारत" थीम पर चित्रकला/वाद-विवाद/निबंध प्रतियोगिता/संगोष्ठी का आयोजन

----

राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय/ अधीनस्थ संस्थाएं/ समस्त इंजीनियरिंग महाविद्यालय/ समस्त पोलीटेकनिक महाविद्यालय/ समस्त आई.टी.आई./ ग्लोबल स्किल पार्क द्वारा निम्नानुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी :-

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | चित्रकला प्रतियोगिता | 17/09/2025 से 19/09/2025 |
| 2. | वाद-विवाद प्रतियोगिता | 22/09/2025 से 24/09/2025 |
| 3. | निबंध प्रतियोगिता | 25/09/2025 से 26/09/2025 |
| 4. | संगोष्ठी का आयोजन | 29/09/2025 से 01/10/2025 |

11/09/2025
(डॉ.एस.के.गाँधी)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल- 462004

क्र./GAD/34/0002/2023/1/9 भोपाल, दिनांक 11 सितंबर, 2025

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,पंचायत एवं ग्रामीण विकास,नगरीय विकास एवं आवास, खेल एवं युवा कल्याण, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, गृह, वन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांजन सशक्तिकरण,कुटीर एवं ग्रामोद्योग,जनजातीय कार्य,तकनीकी शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल

विषय- दिनांक 17 सितम्बर 2025 से दिनांक 02 अक्टूबर 2025 तक होने वाले 'सेवा पखवाड़ा अभियान' के आयोजन के संबंध में।

उपरोक्त विषय के संबंध में दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक "सेवा पखवाड़ा अभियान" आयोजित किया जाना है। अभियान के सफल संचालन हेतु विभागवार कार्ययोजना एवं गतिविधियों की जानकारी आवश्यक है।

2/- अतः अनुरोध है कि आपके विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों से संबंधित 2 स्लाइड का प्रेजेंटेशन की एक प्रति आज दिनांक 11/09/2025 को अपरान्ह 4.00 बजे तक सॉफ्ट कॉपी में इस विभाग की ईमेल आईडी sogad9@mp.gov.in पर उपलब्ध कराने के साथ ही जानकारी हार्ड कॉपी में इसे विभाग भेजने का कष्ट करें।

संलग्न उपरोक्तानुसार

(सचिन्द्र राव)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय

वल्लभ भवन, भोपाल- 462004

क्र. / GAD/34/0002/2023/1/9 भोपाल, दिनांक 11 सितंबर, 2025

प्रति,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
मंत्रालय, भोपाल
पुलिस महानिदेशक
समस्त संभागायुक्त
समस्त जिला कलेक्टर्स,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
समस्त आयुक्त, नगरपालिक निगम,
समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद,
मध्यप्रदेश।

विषय- दिनांक 17 सितम्बर 2025 से दिनांक 02 अक्टूबर 2025 तक होने वाले 'सेवा पखवाडा अभियान' के आयोजन के संबंध में।

राज्य सरकार विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक "सेवा पखवाडा अभियान" संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य जन-भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है। नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अभियान में आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास" तथा "वोकल फॉर लोकल" की भावना को सशक्त करना है। अभियान के प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किये जाते हैं-

(1) अभियान के विषय में प्रमुख विन्दु

1. अभियान का नाम "सेवा पखवाड़ा अभियान" होगा। यह दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संचालित किया जायेगा।

2. जिले में इस अभियान का नेतृत्व जिला कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। जिला कलेक्टर, जिले के प्रभारी मंत्री से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए जिले में अभियान की रूपरेखा तैयार करेंगे। संभागीय आयुक्त संभाग के सभी जिलों के संचालित हो रहे अभियान की मॉनीटिरिंग सुनिश्चित करेगें।

3. ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगरपालिका निगम/मुख्य नगरपालिका अधिकारी (जिला मुख्यालय की नगरपालिका/नगरपरिषद) अभियान के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित किये जायेंगे।

4. राज्य स्तर से समस्त संबंधित विभाग प्रमुख, मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने विभाग से संबंधित गतिविधियो के संबंध में पृथक से निर्देश जारी करेंगे।

5. अभियान के अंतर्गत दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य जिले के निर्धारित स्वास्थ्य केन्द्रों पर क्रमानुसार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा । अभियान के शुभारंभ दिनांक 17 सितम्बर को आयोजित शिविरों में मान. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। लाइव प्रसारण के लिये एल.ई.डी. आदि समस्त आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जावें। प्रसारण के दौरान जनता के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। जिले में कार्यरत ब्लड बैंक सोसाइटी, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं अन्य प्रमुख एन.जी.ओ./समाज सेवी संस्थाओं की इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए ।

6. अभियान अवधि के दौरान जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ, मेडिकल जॉच के लिये आवश्यक उपकरणों एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ।

7. प्रदेश के सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतो में स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत के

प्रत्येक ग्राम तथा नगरीय निकाय के प्रत्येक गली/मोहल्ला/वार्ड को सम्मिलित किया जाए। अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों सहित सभी शासकीय परिसरों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए । इस संबंध में भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पत्र दिनांक 8 सितम्बर, 2025 द्वारा "स्वच्छता ही सेवा 2025 "अभियान के विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये गये हैं, जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ।

8. अभियान के दौरान जिले के समस्त नगरीय निकायों एवं पंचायत स्तर पर "एक पेड़ मां के नाम" एवं "एक बगिया मां के नाम" के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं । उक्त कार्यक्रम हेतु पौधों की उपलब्धता वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के द्वारा सुनिश्चित की जावे।

9. अभियान के दौरान समस्त नगरीय निकायों एवं बड़ी ग्राम पंचायतो में नमो पार्क/नमो वन/नमो उपवन विकसित किए जाएं । इसमें स्थलों का चिन्हांकन वन विभाग वन क्षेत्र में, नगरीय निकाय नगर क्षेत्र में एवं ग्राम पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में सुनिश्चित करेंगे। नए पार्क नमो पार्क के नाम से बनाये जाये। ग्राम पंचायतों में नमो उपवन विकसित किये जाये।

10. अभियान के अंतर्गत दिनांक 27 सितम्बर 2025 को प्रदेश के आठ नगरो भोपाल, इंदौर ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा, रतलाम एवं सागर मे "आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत" की थीम पर नमो मैराथन का आयोजन होना है। । इनके अतिरिक्त अन्य जिलों मे भी विद्यालय स्तर एवं जिले स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। जन भागीदारी से संपन्न होने वाले इन कार्यक्रमों मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग नोडल विभाग होंगे ।

11. अभियान के अंतर्गत दिनांक 27 एवं 28 सितम्बर को सामाजिक न्याय विभाग कलेक्टर की देखरेख मे दिव्यांगजनों के लिए जिले स्तर पर विशेष शिविर लगाकर उपकरणों का वितरण सुनिश्चित करेगा।

12. अभियान के दौरान जनसामान्य में खादी वस्तुओं एवं वस्त्रों, स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के क्रय को प्रोत्साहन दिया जावे । इसके लिए महिला स्व-सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शिनी व मेले आयोजित किए जाएं ।

13. अभियान के अंतर्गत "विकसित भारत" थीम पर जिले के समस्त विद्यालयों/महाविद्यालयों में चित्रकला/वाद-विवाद/निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आयोजित की जाए ।

14. सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित किये जाने वाली प्रस्तावित गतिविधियों की समय सारिणी संलग्न है। तदनुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित की जाये।

15. अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक जानकारी प्राप्त करने एवं समस्याओं के निराकरण हेतु राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी की जानकारी निम्नानुसार है:-

| क्र | अधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाइल नंबर | ई-मेल आई.डी. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुभाष कुमार द्विवेदी | अपर सचिव सा.प्र.वि. | 9425165777 | secygad @mp.gov.in |
| 2 | श्री दिनेश जैन | अपर सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | 9407183093 | spo.sbmg @mp.gov.in |
| 3 | श्री कैलाश वानखेडे | अपर आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास विभाग | 9425101644 | addcommuadd @mpurban.gov.in |

उपरोक्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

संलग्न- उपरोक्तानुसार

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

Digitally signed by
Sachindra Rao
Date: 11-09-2025
11:57:17

(सचिन्द्र राव)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ.क्र. ⁄GAD/34/0002/2023/1/9'                                                    भोपाल, दिनांक    सितंबर, 2025

प्रतिलिपि-

1. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

2. ओ.एस.डी./विशेष सहायक/निज सचिव, माननीय मंत्री/राज्यमंत्रीगण (समस्त)

3. विभागाध्यक्ष (समस्त), मध्यप्रदेश।

4. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

5. आयुक्त जनसंपर्क संचालनालय, म.प्र. भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

6. अवर सचिव (स्थापना), मंत्रालय की ओर विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

# सेवा पखवाड़ा अभियान (समय सारणी)

| गतिविधि का विवरण | क्रियान्वयन स्तर | समय सारणी | सम्मिलित विभागों के नाम |
|---|---|---|---|
| रक्तदान शिविर | जिले के निर्धारित स्वास्थ्य केन्द्रों पर | 17-09-2025 से 02-10-2025 | लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग |
| स्वच्छता अभियान | जिला मुख्यालय, समस्त नगरीय निकाय, समस्त जनपद /ग्राम पंचायत, समस्त ग्राम | 17-09-2025 से 02-10-2025 | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग नगरीय विकास एवं आवास विभाग |
| स्वास्थ्य शिविर | जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर | 17-09-2025 से 02-10-2025 | लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग |
| नमो मैराथन, थीम "आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत" | भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा, रतलाम, सागर | 21-09-2025 | खेल एवं युवा कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह विभाग, ओलंपिक संघ |
| वृक्षारोपण (एक पेड़ माँ के नाम) एवं (एक बगिया माँ के नाम) | जिला मुख्यालय समस्त नगरीय निकाय मुख्यालय समस्त जनपद / ग्राम पंचायत मुख्यालय, समस्त ग्राम | 25-09-2025 | वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग |

निरंतर..

# सेवा पखवाड़ा अभियान (समय सारणी)

| गतिविधि का विवरण | क्रियान्वयन स्तर | समय सारणी | सम्मिलित विभागों के नाम |
|---|---|---|---|
| दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण | जिला मुख्यालय पर | 27-09-2025 एवं 28-09-2025 | सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग |
| महिला स्वसहायता समूहों / स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शिनी /मेले का आयोजन (वोकल फ़ॉर लोकल) | जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों पर | 17-09-2025 से 02-10-2025 | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभा नगरीय विकास एवं आवास विभाग कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग |
| गाँधी जयंती पर खादी उत्पादों की खरीद एवं प्रोत्साहन | जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों पर | 02-10-2025 | कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग |
| "विकसित भारत'' थीम पर चित्रकला / वाद-विवाद / निबंध प्रतियोगिता/संगोष्ठी का आयोजन | समस्त शासकीय / अशासकीय विद्यालय / महाविद्यालय | 17-09-2025 से 02-10-2025 | स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभ |
| नमो पार्क/नमो वन/नमो उपवन | समस्त नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत, ग्राम | 17-09-2025 से 02-10-2025 | वन विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामी विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग |

https://mpeoffice.gov.in/efile/assets/pdf.js-4.7.76-custom-legacy/...